# नेपा लिमिटेड द्वारा निर्मित नोटबुक्स का वितरण अम्बाड़ा स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क किया

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।** भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड ने अपने आधुनिकीकरण के पश्चात उत्पादन और विक्रय के साथ साथ सामाजिक दायित्वों की ओर भी कदम बढ़ा लिए हैं।



शुक्रवार को ग्राम अंबाडा स्थित प्राथमिक शाला के 120 बच्चो को संस्थान द्वारा निर्मित नोटबुक्स का निऱ्शुल्क वितरण किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकि) राम अलागेसन द्वारा शालेय विद्यार्थियों को नेपा लिमिटेड विजिट करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया गया ताकि, बच्चे शिक्षा के साथ साथ आसपास के उद्योगों और व्यवसायों से भी भली भांति परिचित हो सके। बच्चो का मनोबल बढ़ाने हेतु छोटे छोटे प्रश्नों के माध्यम से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया तथा उन्हें चॉकलेट, पेन इत्यादि भी भेंट की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक (वाणिज्य) ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) महेंद्र केसरी और जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 19-08-2023

# अंबाड़ा प्राइमरी स्कूल के 120 बच्चों को बांटी नोट बुक्स



नेपानगर | भारी उद्योग व लोक उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड ने अपने आधुनिकीकरण के बाद उत्पादन और विक्रय के साथ सामाजिक दायित्वों की ओर भी कदम बढ़ाए हैं। शुक्रवार को ग्राम अंबाड़ा स्थित प्राइमरी स्कूल के 120 बच्चों को संस्थान द्वारा निर्मित नोटबुक्स का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने विद्यार्थियों को नेपा लिमिटेड विजिट करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया, ताकि बच्चें शिक्षा के साथ आसपास के उद्योगों और व्यवसायों से भी परिचित हो सकें। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे प्रश्नों के माध्यम से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। उन्हें चॉकलेट, पेन भी भेंट किए। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केसरी और जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे मौजूद थे।

# नेपा मिल के बढ़ गए कदम विद्यार्थियों को नोटबुक निशुल्क






**( रविंद्र इंगले की रिपोर्ट )**

**नेपानगर ( निमाड़ की धड़कन )** में भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड ने अपने आधुनिकीकरण के पश्चात उत्पादन और विक्रय के साथ साथ सामाजिक दायित्वों की ओर भी कदम बढ़ा लिए हैं। शुक्रवार को ग्राम अंबाडा स्थित प्राथमिक शाला के 120 बच्चो को संस्थान द्वारा निर्मित नोटबुक्स का निःशुल्क वितरण किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकि) राम अलागेसन द्वारा शालेय विद्यार्थियों को नेपा लिमिटेड विजिट करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया गया ताकि, बच्चे शिक्षा के साथ साथ आसपास के उद्योगों और व्यवसायों से भी भली भांति परिचित हो सके। बच्चो का मनोबल बढ़ाने हेतु छोटे छोटे प्रश्नों के माध्यम से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया तथा उन्हें चॉकलेट, पेन इत्यादि भी भेंट की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक (वाणिज्य) ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) महेंद्र केसरी और जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे उपस्थित थे।